# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018

www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

## सूचना सहायक भर्ती परीक्षा–2018

### भाग-॥ टंकण गति परीक्षा के संबंध में दिशा-निर्देश

**अ-सामान्य दिशा-निर्देश**

1- अभ्यर्थी परीक्षा शुरू होने के समय से एक घंटे तीस मिनिट पूर्व परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों |

2- टंकण गति परीक्षा के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश एवं प्रायोगिक टेस्ट विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है |

3- परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर आपका प्रवेश पत्र जांचा जायेगा | आपकी गहन जाँच की जाएगी तथा जाँच के दौरान अवांछनीय वस्तु पाए जाने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश नही दिया जायेगा |

4- प्रवेश पत्र जाँच के पश्चात् स्वागत कक्ष पर आपकी Biometric कैप्चर के पश्चात् एवं तस्वीर रिकॉर्ड करने पर आपको परीक्षा हॉल में भेजा जायेगा |

5- परीक्षा हॉल में परीक्षक आपकी उपस्थिति आपके हस्ताक्षर करा के अंकित करेंगे|

6- अभ्यर्थी परीक्षा हाल में अपनी जगह पर बैठने पर, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व, कृपया सुनिश्चित कर लेवें कि कम्प्यूटर सही ढंग से कार्य कर रहा है तथा की-बोर्ड एवं माउस भी पूर्ण रूप से सही कार्य कर रहे हैं | परीक्षा शुरू होने के पूर्व उपरोक्त के बारे में अभिजागर ( Invigilator ) को सूचित नहीं करने की दशा में संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी |

7- परीक्षा शुरू होने से पहले अभ्यर्थी स्क्रीन पर दिये गये निर्देशों का ध्यान पूर्वक अध्ययन करें तथा अपनी आवश्यक सूचनाओं की प्रविष्टि कम्प्यूटर पर ध्यानपूर्वक करें|

8- टंकण गति परीक्षण हेतु विशेष रूप से बनाये गये सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जायेगा |

9- यदि किसी कारण से सॉफ्टवेयर में समस्या आ रही है, तो अभिजागर ( Invigilator) को तुरंत सूचित करें|

10- कम्प्यूटर पर टंकण गति परीक्षा से पूर्व अथवा परीक्षा समय में परीक्षा सॉफ्टवेयर के अतिरिक्त किसी अन्य सॉफ्टवेयर को नहीं खोलें अन्यथा इससे होने वाली समस्या के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे |

11- सूचना सहायक टंकण गति परीक्षा के अन्तर्गत दो भाग होंगे, जिनका वर्गीकरण निम्नानुसार है -


| भाग सं. | विषय | समय | अर्हता हेतु न्यूनतम औसत टंकण गति |
|---|---|---|---|
| 1 | हिन्दी गति परीक्षण | 15 मिनट | 20 सही शब्द प्रति मिनट |
| 2 | अंग्रेजी गति परीक्षण | 15 मिनट | 20 सही शब्द प्रति मिनट |

12- अर्हता हेतु दोनों भाषाओ में अलग-अलग निर्धारित न्यूनतम टंकण गति को प्राप्त करना अनिवार्य है |

13- टंकण गति परीक्षण दो भागों में ली जायेगी एवं प्रत्येक भाग हेतु 15-15 मिनिट का समय दिया जायेगा | प्रथम भाग में हिन्दी भाषा की टंकण गति परीक्षा तथा द्वितीय भाग में अंग्रेजी भाषा की टंकण गति परीक्षा ली जायेगी | दोनों परीक्षाओं में 5 मिनट का अन्तराल रहेगा |

ब-टंकण गति परीक्षा-निर्देश

## हिन्दी की-बोर्ड




नोट- यह की-बोर्ड केवल द्रष्टांत रूप है, इसे DevLys010 फोंट के अनुसार चैककर लेंवे | की-बोर्ड (Keyboard) की कुछ “की” (Key) DevLys010 फोंट के अनुसार द्रष्टांत से भिन्न हो सकती है |

A. टंकण गति परीक्षा हेतु कम्प्यूटर स्क्रीन के उपर वाले हिस्से में पैराग्राफ दिखाई देगा जिसे नीचे वाले हिस्से में की-बोर्ड का उपयोग कर टंकित करना है |

B. ऊपर वाले हिस्से के जिस शब्द को आप टंकित कर रहे हैं वह चिन्हित(Synchronize) होता रहेगा |

C. यदि अभ्यर्थी ने किसी शब्द को गलत टंकित कर दिया है और वह उसमें सुधार करना चाहता है तो Back -Space का उपयोग कर उसे तब तक सुधार सकता है, जब तक उसने अगला शब्द टाइप करने के लिए Space-Bar का उपयोग नहीं किया है| एक बार Space-Bar का उपयोग कर लिये जाने पर Back-Space काम नहीं करेगा और उस पैराग्राफ में अन्य अगले चिन्हित (Highlighted) शब्द को टंकित करना शुरू कर देना चाहिए |

D. माउस (Mouse) को अभ्यर्थी किसी भी स्थिति में उपयोग नहीं कर सकेंगे, सिर्फ उस समय को छोड़कर जब अभ्यर्थी ने Typing Test पूर्ण कर लिया है और अभ्यर्थी उसे Submit करना चाहते हैं |

E. अभ्यर्थी की गति एवं दक्षता टंकण गति परीक्षा के दौरान सॉफ्टवेयर निरीक्षण में अंकित (Recorded) होती रहेगी इसलिए अभ्यर्थी पैराग्राफ में दर्शाये गए शब्दों को उसी क्रम और रूप में टंकित करेंगे | ऐसा नही करने पर सॉफ्टवेयर गलती (ERRORS) अंकित (Record) करेगा|

F. स्क्रीन पर ऊपर दाहिनी तरफ घड़ी दिखती रहेगी | जो यह दर्शायेगी कि परीक्षा पूर्ण होने में कितना समय उपयोग कर लिया और कितना समय शेष है |

G. यदि अभ्यर्थी ने पैराग्राफ को निर्धारित 15 मिनट अवधि के पूर्व पूर्ण कर लिया है, तो वह या तो “Submit” कर सकता है, अथवा समय पूर्ण होने पर वह अपने आप “Submit” हो जायेगा किन्तु परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष परीक्षा अवधि समाप्त होने के पश्चात् ही छोड़ सकेगा |

H. अभ्यर्थी द्वारा टंकण गति परीक्षण अवधि परीक्षा पूर्ण कर लेने पर Home Page पर “TypingTest Completed” लिखा दिखायी देगा |

I. अभ्यर्थी को हिन्दी टंकण परीक्षा पूर्ण करने पर 5 मिनट का अन्तराल दिया जायेगा | इस अवधि में स्क्रीन पर घड़ी घटता हुआ समय दिखायेगी, उसके पश्चात् अंग्रेजी टंकण परीक्षा प्रारंभ होंगी |

<u>मूल्यांकन हेतु दिशा-निर्देश</u>

1. अभ्यर्थी द्वारा टंकित किये गये शब्द/गति सॉफ्टवेयर द्वारा जांची जायेगी |
2. अभ्यर्थी को चिन्हित शब्द को दर्शाये गए अनुसार ही यथा क्रम में ही कंप्यूटर स्क्रीन के नीचे वाले आधे हिस्से में टंकित करना है | प्रदर्शित पैराग्राफ में चिन्हित शब्द को ही नीचे टंकित करना है | यदि कोई शब्द शुद्ध-अशुद्ध रूप में दो बार या दो से अधिक बार टंकित कर दिया गया है तो वह त्रुटि मानी जायेगी | अत: आप चिन्हित शब्द को देखकर उसे ही टंकित करें | चिन्हित शब्द के अनुसार टंकित न करने पर आप द्वारा टंकित शुद्ध शब्द भी त्रुटि में माना जायेगा|

> उदाहरण - रामफल खा रहा था |
>
> (इसमें “फल” शब्द चिन्हित है तो आप वही टंकित करें एक बार आपने “Space-Bar” दबा दी तो अगला शब्द “खा” चिन्हित हो जायेगा तो आपको “खा” शब्द टंकित करना है | यदि इस समय “फल” शब्द टंकित होने से रह गया है तो उसे छोड़ दें | यदि आप ऐसा नहीं करते हैं तो त्रुटि होगी |
>
> **यह ध्यान रखना है कि अभ्यर्थी चिन्हित शब्द के क्रम में ही टंकित करें, ऐसा नही करने पर शुद्ध शब्द भी सॉफ्टवेयर द्वारा त्रुटिपूर्ण माना जायेगा |**

3. Typing Module में दर्शाये गए शब्दों में परिवर्तन अथवा स्थान परिवर्तन गलती (Error) मानी जायेगी|
4. अभ्यर्थी को चिन्हित शब्द को ध्यानपूर्वक देखकर समान शब्द टंकित करना है | यदि अभ्यर्थी उसे उसी रूप में टंकित नहीं करता है तो सॉफ्टवेयर उसे गलती (Error) मानेगा |
5. टंकण गति परीक्षा के मूल्याकन में कोई अंक नही दिए जावेंगे, केवल सही शब्दों की गणना की जावेगी | सही शब्दों की गणना कर न्यूनतम अर्हता हेतु निर्धारित औसत टंकण गति के अनुसार अभ्यर्थी को उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण घोषित किया जावेगा |
6. “सही शब्द” का अभिप्राय ऐसे शब्द से है जो शब्द दिये गये शब्द के अनुरूप टंकित किया गया है तथा मूल्यांकन हेतु दिये गये मानकों के अनुरूप है | “शब्द” का अभिप्राय एक या एक से अधिक अक्षरों, मात्राओं एवं विराम चिन्हों के ऐसे समूह से है जिसके पहले तथा बाद में खाली जगह (White Space) हो|
7. हिंदी टंकण परीक्षा के दौरान मात्राओं के एक से अधिक बार दबने से शब्द त्रुटिपूर्ण माना जायेगा | यद्यपि मात्राओं के एक से अधिक बार दबने से शब्द सही रूप से दिखाई दे सकता है किन्तु टंकण में मूल्याकन हेतु शब्द को त्रुटिपूर्ण माना जायेगा |
8. हिंदी टंकण के दौरान किसी भी अक्षर या मात्रा को बनाने में Alt Key का उपयोग वर्जित होगा | अभ्यर्थी द्वारा Alt Key के प्रयोग से टंकित किये गये सभी अक्षर व संबंधित शब्द त्रुटिपूर्ण माने जायेंगे |
9. हिंदी वर्णमाला के निम्न अक्षरों को छोड़कर अन्य समस्त अक्षर यदि आधा अक्षर एवं खड़ी पाई (जैसे । एवं T) के संयोजन से टंकित किये जाते है तो ऐसे अक्षरों व् सम्बंधित शब्दों को त्रुटि पूर्ण माना जायेगा -

   ख श ष थ भ ध घ क्ष ण

इस प्रकार की बोर्ड पर एक KeyStroke से बनने वाले पूर्ण अक्षर (जैसे म) को ही सही माना जायेगा |

10. अंग्रेजी टंकण गति परीक्षण Case-Sensitive होगा अर्थात कैपिटल लेटर के स्थान पर स्माल लेटर अथवा स्माल लेटर के स्थान कैपिटल लेटर के प्रयोग को व् सम्बंधित शब्द को त्रुटिपूर्ण माना जायेगा |


Candidate Result Sheet - Typing Test

| | | | |
|---|---|---|---|
| Roll No. : **242550580001** | Name : **Dummy 01** | | IP : **192.168.1.208** |
| Typed Word : **380** | Correct Word : **365** | Incorrect Word : **15** | Untyped Word : **356** |
| | | | Net Speed : **30.79** |


Our living world is very wonderful. The **water** range of living types is **amazing** The extraordinary habitats in which we find living organisms, be it cold mountains, deciduous forests, oceans, fresh water lakes, deserts or hot springs, leave us **speechless** The beauty of a galloping horse, of the migrating birds, the valley of flowers or the attaching shark evokes awe and a deep sense of wonder. The **ecologiacal** conflict and cooperation among members of a population and among populations of a community or even the molecular traffic inside a cell make us deeply reflect on- what indeed **id** life? This question has two implicit questions within it. The first is a technical one and seeks answer to what living is as opposed to the **non-living** and the second is a philosophical one, and seeks answer to what the purpose of **lise** is. When we try to define 'living', we conventionally look for distinctive characteristics exhibited by living organisms. Growth, reproduction, ability to sense environment and mount a suitable response come to our mind immediately as unique feature of **licing** organisms. One can add a few more features like **metabolism** ability to self-replicate, self-organise, interact and **emegence** to this list. All living organisms grow. Increase in mass and increase in number of individuals are twin characteristics of growth. A multicellular organism grows by cell division. In plants, the growth by cell division occurs continuously throughout their life span. In animals, this growth is seen only up to a certain age. However, cell division occurs in certain tissues to replace lost cells. Unicellular organisms grow by **cel division** One can easily observe this in vitro cultures by simply counting the number of cells under the microscope. In majority of higher animals and plants, growth and reproduction are mutually exclusive events. One must remember that increase in body mass is considered as growth. Non-living objects also

स- सॉफ्टवेयर के उपयोग हेतु दिशा-निर्देश


11. टंकण गति परीक्षा में सर्वप्रथम आपको उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर पर दृश्य निम्न प्रकार होगा-





12. सॉफ्टवेयर में Login हेतु रोल नंबर का उपयोग करना हैं | रोल नंबर आपके प्रवेश पत्र पर अंकित हैं | पासवर्ड की सूचना परीक्षा कक्ष में दी जायेगी | पासवर्ड डालने के बाद Start Exam दबाने पर आपको निम्न स्क्रीन दिखायी देगी -




13. टंकण गति परीक्षण सॉफ्टवेयर स्वतः ही टंकित किये गये शब्दों को Save करता हैं |
14. अंग्रेजी टाइप के लिए "Courier New" फोंट का प्रयोग किया जायेगा तथा हिंदी टंकण के लिए रेमिंग्टन की-बोर्ड एवं "DevLys010" फोंट का प्रयोग किया जायेगा |
15. टंकण गति परीक्षण में अभ्यर्थियों को दोनों भाषाओँ में प्रश्न पत्र में टंकण हेतु पैराग्राफ दिये जायेंगे -






16. टंकण गति परीक्षण शुरू होने के बाद निर्धारित समय पूर्ण होने पर सॉफ्टवेयर स्वतः रुक जायेगा |
17. आप द्वारा टंकण गति परीक्षण कार्य पूर्ण कर लेने पर Submit बटन दबाया जाना है , जब आप Submit बटन दबायेंगे तो कंप्यूटर द्वारा पुनः Final Submit हेतु आपकी सहमति मांगी जाएगी एवं उक्त स्क्रीन प्रदर्शित होगी आप द्वारा YES करने पर Typing Test Final Submit हो जायेगा |
18. टंकण गति परीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर आप वीक्षक (Invigilator) को तुरंत सूचित करें |

